# संस्थान द्वारा # प्रकृति #मिशन लाईफ़ के अंतर्गत 'कैच द रेन' अभियान पर वर्षा जल संचयन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# Mission LiFE –Awareness Programme on Rooftop Rainwater Harvesting #Catch the Rain

---

भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान (HFRI), शिमला द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार **मिशन लाइफ (Mission LiFE)** के अंतर्गत संचालित **#CatchTheRain** अभियान के तहत सतत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मेहली, शिमला** में दिनांक **04 अगस्त, 2026** को **'रूफटॉप वर्षा जल संचयन'** विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में वर्षा जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा जल संसाधनों के सतत एवं विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान **श्री राजेंद्र पाल, तकनीकी सहायक** ने हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला की पृष्ठभूमि, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों तथा वानिकी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं करियर अवसरों के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर **श्रीमती शिल्पा, मुख्य तकनीकी अधिकारी** ने बताया कि **#CatchTheRain** एक राष्ट्रव्यापी जन-अभियान है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना तथा जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय आवश्यकताओं में से एक है और वर्षा जल संचयन जैसी सरल एवं प्रभावी तकनीकों को अपनाकर जल संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जल संरक्षण के संदेश को अपने परिवार एवं समाज तक पहुँचाने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने मिशन लाइफ के अंतर्गत अपनाए जाने वाले पर्यावरण-अनुकूल व्यवहारों, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा गृह वाटिका (Kitchen Garden) के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में **श्री कुलवंत राय गुलशन, तकनीकी सहायक** ने पृथ्वी पर उपलब्ध सीमित शुद्ध जल संसाधनों, बढ़ते जल प्रदूषण तथा जल संकट की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संचयन जल संरक्षण की एक प्रभावी एवं व्यावहारिक तकनीक है, जो भूजल स्तर को बनाए रखने, जल उपलब्धता बढ़ाने तथा जल संकट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने रूफटॉप वर्षा जल संचयन प्रणाली की कार्यप्रणाली, इसके लाभों एवं घरेलू तथा संस्थागत स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक रुचि प्रदर्शित की। प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा वर्षा जल संचयन जैसी जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के संकल्प के साथ हुआ।

ICFRE–Himalayan Forest Research Institute (HFRI), Shimla organized an awareness programme on **Rooftop Rainwater Harvesting** on **04 August, 2026** at **Government Senior Secondary School, Mehli, Shimla,** under the **#CatchTheRain** campaign being implemented as part of **Mission LiFE**, in accordance with the directions of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India. The programme aimed to promote sustainable water conservation, create awareness among students and the local community about the importance of rainwater conservation, and encourage the sustainable and judicious use of water resources. During the programme, **Shri Rajendra Pal, Technical Assistant**, briefed the students about the background of the Himalayan Forest Research Institute, Shimla, its research and extension activities, and the employment and career opportunities available in the forestry sector. He encouraged the youth to play an active role in the conservation of natural resources and in fulfilling their environmental responsibilities.

On this occasion, **Mrs. Shilpa, Chief Technical Officer**, informed the participants that **#CatchTheRain** is a nationwide public campaign aimed at motivating every citizen to conserve rainwater and transforming water conservation into a mass movement. She emphasized that water conservation is one of the most important environmental necessities of the present time and that simple and effective techniques such as rainwater harvesting can make a significant contribution to the conservation of water resources. She urged the students to disseminate the message of water conservation among their families and society. She also highlighted the importance of adopting environmentally responsible practices under Mission LiFE, the judicious use of resources, and the role of kitchen gardens in promoting sustainability. **Shri Kulwant Rai Gulshan, Technical Assistant**, discussed in detail the limited availability of freshwater resources on Earth, the increasing problem of water pollution, and the challenges posed by water scarcity. He explained that rainwater harvesting is an effective and practical water conservation technique that plays a vital role in maintaining groundwater levels, enhancing water availability, and mitigating water scarcity. He also provided detailed information on the functioning of rooftop rainwater harvesting systems, their benefits, and their effective implementation at both household and institutional levels. During the programme, students actively participated by asking questions related to the topic and clarifying their doubts, demonstrating keen interest in water conservation. The participants were encouraged to adopt water conservation practices, including the judicious use of water in daily life and the implementation of rainwater harvesting techniques. The programme concluded with a collective pledge by the participants to become aware and responsible citizens committed to water conservation and environmental sustainability.

## <u>Glimpses of the Activity</u>



















**********